75/2017 सरकार vs रूपाराम वगैरा

| तारीख हुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 8.5.18 | पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान 2018 में अटल सेवा केन्द्र कोशलू में पेश हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार (कोर्ट) सिणधरी उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1 व 24 व 26 से 47 एकतरफा। प्रार्थी पक्ष की ओर से दिनांक 30.4.18 को प्रार्थना वास्ते– विप्रार्थी संख्या 25 की फौत होने पर वारिसान को रिकोर्ड पर लेने बाबत् प्रार्थना पत्र पेश की गयी थी, जो आज शामिल पत्रावली हो। विप्रार्थी संख्या 25 के वारिसान को राजस्व लोक अदालत नोटिस जारी किये गये। जो बाद तामिल प्राप्त हुए। जो शामिल मिसल हो। उक्त विप्रार्थीगण बावजूद सूचना के अनुपस्थित है। प्रार्थना पत्र वास्ते विप्रार्थी सं. 25 के वारिसान को रिकोर्ड पर लेने पर प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी गई। जो न्यायहित में स्वीकार की जाती है एवं उसके वारिसान को रिकार्ड पर लिया जाता है। आगे ओर प्रार्थी पक्ष की ओर से निवेदन किया गया, कि विवादित भूमि मे दर्शित रकबा निजी खातेदारी में दर्ज है। जिसकी किस्म बा.सोयम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। लेकिन प्रस्तावित रकबा आम जन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप मे उपयोग आ रहा है। जिसे राजस्व रिकार्ड में गै.मु.रास्ता दर्ज किया जावे।<br>**हमने** प्रार्थी पक्ष को सुना। और पत्रावली के सलंग्न राजस्व रिकार्ड,दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया। तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमे पाया कि,आवेदन मे दर्शित विवादित भूमि का रकबा किस्म बा.सोयम में दर्ज है। जिसकी मौके पर उक्त प्रस्तावित रकबा का आमजन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप में उपयोग मे लिया जा रहा है। विप्रार्थीगण के नोटिस तामिल प्राप्त हुए थे, जो बावजूद सूचना के हाजिर नहीं हुए है। इससे प्रतीत होता है कि विप्रार्थीगण को प्रस्तावित रकबे को गै.मु. रास्ता दर्ज किये जाने में आपत्ति नहीं है। और तहसीलदार सिणधरी द्वारा भी उक्त रकबे की किस्म बा.सोयम के स्थान पर गै.मु.रास्ता दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इस प्रकार अदालत को गै.मु. रास्ता दर्ज किये जाने में कोई आपर्ति प्रतीत नही होती है।<br>**लिहाजा** प्रार्थी का आवेदन लोकभावना एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुए स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखवाया जाकर सुनाया गया और शामिल मिसल किया गया।<br>पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो। | |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

राजस्व लोक अभियान
न्याय आपके द्वार–2018

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

क्रमांकः /राजस्व/2018/ 882 दिनांक 8.5.18

प्रकरण सं.:–75/2017

–::आदेश::–

श्रीमान जिला कलक्टर बाड़मेर के पत्रांकःप.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व **ग्राम** केहराणी सारणों का तला **पटवार मण्डल** कोशलू तहसील सिणधरी की जमाबंदी संवत् 2070–2073 के अनुसार निम्नांकित भूमि निजी खातेदारी में दर्ज है। लेकिन आवेदन में प्रस्तावित रकबानुसार मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है, जिसे तहसीलदार सिणधरी द्वारा गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया।

भूमि धारक तहसीलदार सिणधरी द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 130,131 एवं 136 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60(एच) के तहत राजस्व **ग्राम** केहराणी सारणों का तला **पटवार मण्डल** कोशलू तहसील सिणधरी की निम्नांकित निजी खातेदारी को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

| क्र. स. | खातेदार का नाम | ख.न. | कुल रकबा (बीघा) | किस्म | रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रकबा | किस्म |
| 1 | रूपाराम जालाराम पि. उमााम खेमीदेवी पत्नि उमाराम मूला वल्द भगवाना मालू पुत्री भेरा चिमना वल्द मोटा चिमना पुत्र मोटा लाखाराम वल्द मूलाराम कौम जाट सा.देह | 312 | 158-16 | बा.दोयम | 3-08 | गै.मु.रास्ता |
| 2 | मोतीराम थानाराम पि. भैराराम चूनीदेवी पत्नि भेराराम अचला अना घमा बाबू पि.शेरा जमना बेवा शेरा कौम जाट सा.देह | 309 | 80-09 | बा.दोयम | 1-13 | गै.मु.रास्ता |
| | सोनाराम करनाराम राउराम पि.चिमाराम मगी बेवा चिमा पाबू काना पि.दूदा कौम जाट सा.देह | 315/3 | 88-14 | बा.दोयम | 0-19 | गै.मु.रास्ता |
| 4 | चैनाराम वल्द पीराराम कौम सुथार सा.देह | 319 | 17-12 | बा.दोयम | 0-13 | गै.मु.रास्ता |
| 5 | बीजा पुत्र जगरूपा कौम सुथार सा. देह | 322 | 78-00 | बा.दोयम | 0-19 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मोती सोना पि.हरदान हीरा पुत्र देवा कौम जाट सा. | 328 | 51-05 | बा.दोयम | 01-04 | गै.मु.रास्ता |
| 7. | शिवदानसिंह फतेहसिंह पि. खीमसिंह कौम राजपूत | 329 | 37-01 | बा.दोयम | 0-11 | गै.मु.रास्ता |
| 8 | भवानीसिंह कुशलसिंह पि. भूरसिंह कौम राजपूत सा. देह | 334 | 51-19 | बा.सोयम | 0-09 | गै.मु.रास्ता |
| 9. | मोमता पुत्र चुतरा चम्पालाल केहराराम पि. राउराम पेमीदेवी पत्नि राउराम घमाराम वल्द लिखमाराम कौम नाई सा. | 327 | 35-08 | बा.दोयम | 1-07 | गै.मु.रास्ता |
| 10. | राजूराम वल्द चिमाराम कौम जाट सा.देह खातेदार | 338 | 54-16 | बा.सोयम | 0-11 | गै.मु.रास्ता |
| 11. | चेतनराम वल्द चिमाराम कौम जाट सा.देह | 338/1 | 55-18 | बा.सोयम | 0-11 | गै.मु.रास्ता |
| 12 | खेताराम बीजाराम हरखाराम देवाराम पि. सोनाराम राजो देवी पत्नि सोनाराम कौम जाट सा.देह खातेदार | 326 | 103-10 | बा.दोयम | 0-14 | गै.मु.रास्ता |
| 13. | जालाराम वगताराम पि. भेराराम जोगाराम ओमप्रकाश पि.जेहराराम खेतुदेवी पत्नि जेहाराम कौम जाट सा.देह | 260 | 103-14 | बा.सोयम | 0-05 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी
दिनांक 8.5.18

क्रमांकः/राजस्व/2018/683-84

प्रतिलिपिः—सूचनार्थ एवं आवश्यक पालनार्थ।

1. श्रीमान जिला कलक्टर,बाड़मेर।
2. तहसीलदार सिणधरी।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

Scanned by CamScanner